आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को विशेष रूप से बच्चों में कफ सिरप का उपयोग सोच–समझकर करने की सलाह दी है।
- 71वें वन्यजीव सप्ताह के तहत कल वनपाल प्रशिक्षुओं के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से एस्ट्रो गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।
- राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता की ओर से विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025–26 का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को विशेष रूप से बच्चों में कफ सिरप का उपयोग सोच–समझकर करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा है कि खांसी अपने आप ठीक हो जाती है। इसके लिए औषधि की जरूरत नहीं पड़ती है। मंत्रालय ने यह सलाह छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश में बच्चों की मृत्यु की हाल की घटना के बाद दी है। इन राज्यों में दूषित कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत हुई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में केन्द्र ने औषधि की गुणवत्ता नियमों के अनुपालन की समीक्षा की। केन्द्र ने सभी औषधि विनिर्माताओं द्वारा संशोधित अनुसूची का कड़ाई से पालन किए जाने पर बल दिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने पहले इस मामले पर राज्यों के साथ तत्काल चर्चा करने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि गुणवत्ता चूक की पहचान करने के लिए छह राज्यों में 19 औषधि विनिर्माण ईकाइयों पर जोखिम आधारित निरीक्षण शुरू किया गया है। राज्यों को निगरानी बढ़ाने, स्वास्थ्य सुविधाओं से रिपोर्टिंग को सुधार करने और प्रकोप प्रतिक्रिया समन्वय को बढ़ाने को भी कहा गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और 22 सितंबर को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज इस कड़ी में जम्मू–कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर ये रिपोर्टः–

<><><><><><><>

71वें वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत चिड़ियाटापू स्थित जैविक उद्यान में कल वनपाल प्रशिक्षुओं के लिए 'मगरमच्छों की सुरक्षित देखभाल, बचाव और पुनर्वास तकनीक' पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अग्रिम पंक्ति के वनकर्मियों को मानव–मगरमच्छ संघर्ष के प्रबंधन के लिए कौशल प्रशिक्षण और प्रोटोकॉल की जानकारी देना था। इस कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव डॉ. दिनेश कन्नन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि उनके द्वारा किया गया प्रत्येक बचाव कार्य जैव विविधता की रक्षा करता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने दक्षिण अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में वन्यजीव अपराधों से निपटने के लिए दक्षिण अंडमान प्रभाग द्वारा तैयार एक एनिमेटेड जागरूकता वीडियो भी जारी किया। जैविक उद्यान उप निदेशक ने क्षमता निर्माण और द्वीपसमूह में वन्यजीव संरक्षण के लिए क्षेत्र स्तरीय प्रतिक्रिया को मजबूत करने पर जोर दिया।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से एस्ट्रो गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्थानीय युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रशिक्षण इस माह के तीसरे सप्ताह में श्री विजयपुरम और मायाबंदर में आयोजित किए जाएंगे। आवेदन पत्र पर्यटन प्रबंधक अनुभाग से आज से प्राप्त किए जा सकते हैं। मायाबंदर में आवेदन पत्र जिला उपायुक्त कार्यालय में उपलब्ध कराए जाएँगे। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय में 15 अक्टूबर शाम 4.30 बजे तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता की ओर से कक्षा छठीं से ग्यारहवीं तक के स्कूली छात्रों के लिए विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025–26 नामक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विज्ञान केंद्र, वीवीएम के राज्य समन्वयक के सहयोग से श्री विजयपुरम में इस कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह प्रतिभा खोज परीक्षा अंग्रेजी और हिंदी सहित 12 प्रमुख क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में भाग लेने के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग किया जा सकता है। पहले स्तर की विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा 28 अक्टूबर, से 2 नवंबर तक, जबकि दूसरे स्तर की परीक्षा 19 नवंबर, से 23 नवंबर तक सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने के इच्छुक छात्र vvm.org.in के माध्यम से अपना नाम 10 अक्तूबर तक पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><><>

राजभाषा विभाग की ओर से हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस सिलसिले में विभाग द्वारा आज दिन में 11 बजे टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

माहव्यापी मानसून पुस्तक वाचन महोत्सव 2.0 के तहत राज्य पुस्तकालय, की ओर से कल कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 'प्रकृति से प्रेम' विषय पर नाटक, खजाने की खोज और गति पठन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने राज्य पुस्तकालय का दौरा कर छात्रों को पुस्तकालय की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि छात्रों के लाभ के लिए साप्ताहिक कार्यक्रम हर रविवार को आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग 12 अक्टूबर को अपना 68वां स्थापना दिवस मनाएगा। इस सिलसिले में कल विभाग की ओर से चाथम पुलिस स्टेशन से मुख्य अभियंता कार्यालय तक मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। दौड़ को विभाग के विशेष सचिव विनायक चमड़िया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में तकनीकी कर्मचारियों और सेवानिवृत्त इंजीनियरों सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेताओं को मुख्य अभियंता टी.के. प्रीजित रेख ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

<><><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कल बेटापुर स्थित सेंट जोसेफ कैथोलिक चर्च, में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा प्रभारी डॉ. शैलजा के नेतृत्व में टीबी और गैर–संचारी रोगों की जाँच की गई। गतिविधियों का समन्वय वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक आर. दुर्गा राव द्वारा किया गया। शिविर में कुल 76 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 58 की पहचान संवेदनशील मरीज के रूप में की गई।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपों में जी एस टी नियमों का पालन न करने वाले व्यवसायियों पर कार्रवाई करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। द्वीप समाचार ने सेना भर्ती रैली के समाचार को प्रमुखता से छापा है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने बाराटांग में मड वॉल्कानों के फटने के समाचार को अपने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। पक्षी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गाराचरमा वेट लैंड में बर्ड वॉक आयोजित करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया और इंफो इंडिया में जगह मिली है।

<><><><><><><>